

Dr. S. S. Pandey

## नई शिक्षा नीति 2020 की उपलब्धियाँ

1

केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के कार्यान्वयन के लिए अनेक पहलें की हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

2

### विश्व स्तरीय संस्थान योजना

Institutions of Eminence - IoEs को स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2017 में 'विश्व स्तरीय संस्थान योजना' शुरू की थी जिसका उद्देश्य किफायती शीर्ष पायदान के शैक्षिणिक संस्थान और अनुसंधान केंद्रों का निर्माण करना है। यह योजना अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिये 'प्रतिष्ठित संस्थानों' को नामित करती है। देश में अभी तक आठ सार्वजनिक और चार निजी समेत 12 संस्थानों को चिह्नित किया गया है।

3

### PM SHRI योजना

1. पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) के तहत देश भर में 14500 से अधिक स्कूलों के उन्नयन और विकास के लिये सितंबर 2022 में शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसमें से कुल 6448 स्कूलों का चयन किया गया है

4

2. पीएम श्री योजना का उद्देश्य न्यायसंगत, समावेशी और मनोरंजक स्कूली वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है
3. यह पीएम श्री पहल के तहत स्कूलों को अपग्रेड करने के लिये 630 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं

5

### निपुण भारत पहल

'बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल - निपुण' (National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy - NIPUN) भारत मिशन का दृष्टिकोण मूलभूत साक्षरता तथा संख्यात्मकता के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित कराना है ताकि प्रत्येक बच्चा वर्ष 2026-27 तक ग्रेड 3 के अंत तक पढ़ने, लिखने और संख्यात्मकता में वांछित सीखने की दक्षता हासिल कर सके।

6

### पीएम ई-विद्या

ई-विद्या का उद्देश्य दीक्षा जैसे विभिन्न ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रदान करके और देश भर के छात्रों को ई-पुस्तकें तथा ई-सामग्री प्रदान करके ऑनलाइन शिक्षा एवं डिजिटल शिक्षण को बढ़ावा देना है।

7

### मूलभूत चरण के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFFS) और जादुई पिटारा पहल

3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों हेतु खेल-आधारित अध्ययन की शिक्षण सामग्री हेतु मूलभूत चरण के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (National Curriculum Framework for Foundational Stag - NCFFS) और 'जादुई पिटारा' शुरू की गई है।

8

### निष्ठा (NISHTHA) पहल

'नेशनल इनीसिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलीस्टिक एडवांसमेंट' अर्थात् 'निष्ठा' (National Initiative for School Heads and Teachers Holistic Advancement - NISHTHA) भारत में शिक्षकों और स्कूल प्रधानाचार्यों के लिये एक क्षमता - निर्माण कार्यक्रम है।

9

### नेशनल डिजिटल एजुकेशन आर्किटेक्चर (NDEAR)

यह वास्तुशिल्प संबंधी ब्लूप्रिंट है, जो शिक्षा से संबंधित डिजिटल प्रौद्योगिकी-आधारित अनुप्रयोगों को सक्षम बनाने हेतु मार्गदर्शक सिद्धांतों का एक सेट तैयार करता है

10

### राष्ट्रीय शैक्षणिक फ्रेमवर्क NCrF और NHEQF

11

क्रेडिट हस्तांतरण और शैक्षणिक लचीलेपन की सुविधा के लिये 'राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF)' तथा 'राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क (NHEQF)' की शुरुआत

### अंतर्राष्ट्रीय परिसर/कैंपस और साझेदारी

12

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय विश्वविद्यालयों को विदेशों में परिसर स्थापित करने और विदेशी संस्थानों को भारत में संचालन के लिये आमंत्रित करने में सहायता करती है। इसको साकार करने के लिए भारत सरकार ने अफ्रीका के जांजीबार और पश्चिम एशिया के अबू धाबी में IIT परिसरों की स्थापना के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

### गिफ्ट सिटी (GIFT City) में शैक्षिक नवाचार

13

NEP 2020 का नवाचारी दृष्टिकोण गुजरात के गिफ्ट सिटी में लागू किया गया है, जहाँ हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के डीकन विश्वविद्यालय का पहला विदेशी कैंपस खोला जाएगा। इस कदम का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी के लिये उच्च - स्तरीय मानव संसाधनों का विकास करना है।

### GIAN और SPARC

14

1. अकादमिक नेटवर्क के लिये वैश्विक पहल (Global Initiative for Academic Network - GIAN) भारत के शैक्षणिक संसाधनों को बेहतर बनाने के लिये भारतीय मूल के वैज्ञानिकों एवं उद्यमियों सहित अन्य वैज्ञानिकों एवं उद्यमियों की विशेषज्ञता का उपयोग करने पर केंद्रित है।

15

2. अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने हेतु योजना (Scheme for Promotion of Academic and Research Collaboration - SPARC) का उद्देश्य भारत और विदेशी संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाना है।

### नए AIIMS, IIT और IIM संस्थानों की स्थापना

16

1. सरकार द्वारा 3000 नए ITI स्थापित किए गए। साथ ही, उच्चतर शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में नए संस्थानों के अंतर्गत 7 IIT, 16 IIIT, 7 IIM, 15 AIIMS और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं।
2. शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए IIT, NIT, RIE, इग्नू और सरकारी कॉलेजों सहित 42 संस्थानों को मान्यता प्रदान गई है।

### अन्य पहलें (Other Initiatives)

17

1. चार वर्षीय 'एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम' शुरू किया गया है। ताकि छात्रों के साथ साथ आने वाले वर्षों में शिक्षकों की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार किया जा सके।

18

2. उत्कृष्ट पेशेवरों का एक बड़ा पूल बनाने के लिए 'राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन' (NMM) भी शुरू किया गया है, जो स्कूली शिक्षकों को सलाह देने के लिए इच्छुक हैं। NMM को 30 केंद्रीय विद्यालयों में शुरू किया गया है।